वी.यू. द्वारा फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंगीकृत ग्रामः कैलवास में सुपर स्पेशिलिटी एनिमल ऐम्बुलेंस सुविधायुक्त निःशुल्क पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 25 जून 2021 को ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन कुलपति माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी की अभिप्ररेणा से फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत ग्रामः– कैलवास में एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदशन एवं दिशानिर्देशानुसार में आयोजित हुआ। साथ ही "**सुपर स्पेशिलिटी एनिमल ऐम्बुलेंस**" को हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। जिसमें गर्भ परीक्षण, बांझपन निवारण, औषधि वितरण, गायों व भैंसों में गलघोटू एवं चुरका रोग के बचाव हेतु कुल 120 टीकाकरण किये गये। शिविर में विभिन्न प्रजातियों के इस शिविर में कुल 55 पशुओं को उपचारित किया गया। इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. हरि आर. उप–अन्वेशक, फार्मर फर्स्ट परियोजना, डॉ. मंजू साहू, डॉ. आशीष लखेरा, डॉ. शिवांगी शर्मा, डॉ. गोविन्द, डॉ. आदित्य, एवं महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र –छात्रायें की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में श्री विजय चौकसे, श्री आशीष यादव, क्षेत्र सहायक एवं श्री पी. एल बर्मन, श्री बलराम पटेल, कैलवास, एवं पशुपालकों का सहयोग व उनकी उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर